Request to set up new industries and reopen the Sugar Mill in Shivhar Parliamentary Constituency

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर की एक अत्यंत, महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ । शिवहर बिहार का एक सीमावर्ती जिला है, जो उत्तर में नेपाल और अन्य तीन दिशाओं में सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, और मोतीहारी से घिरा हुआ है । इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, जिसके कारण यहां से मजदूरों का बड़े पैमाने पर पलायन होता है । इसका प्रमुख कारण जिले में उद्योग-धंधों का अभाव है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते हैं । दूसरा कारण यह है कि वहां का एक मात्र रीगा चिनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है ।

माननीय सभापति महोदया, रीगा चीनी मिल को अति शीघ्र चालू कराया जाए और साथ ही शिवहर जिले में सीमेंट उद्योग की स्थापना की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं । यदि यहां एक सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना की जाती है, तो न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि मजदूरों का पलायन भी काफी हद तक रुक जाएगा और राज्य को राजस्व में वृद्धि का लाभ भी मिलेगा । अतः, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग मंत्री महोदय से आग्रह करती हूँ कि इस महत्वपूर्ण विषय को प्राथमिकता देते हुए शिवहर जिले में नए उद्योगों की स्थापना हेतु शीघ्र कार्रवाई की कृपा की जाए । इसके साथ ही, मैं फिर से आग्रह करूंगी कि रीगा चीनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है, वहां किसानों का काम रुक गया है । किसानों को उससे काफी राहत मिलेगी, मजदूरों को राहत मिलेगी, उसे शीघ्र चालू कराया जाए, यही आपसे निवेदन है । धन्यवाद ।